(ख) क्या सरकार टेलीफोन लगाये जाने के कार्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के निवारण के लिए जयपुर में कोई कक्ष स्थापित करने का विचार रखती है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री राजेश पायलट) : (क) दिल्ली तथा जयपुर में टेलीफोन सेवाएं सामान्यतया संतोषजनक हैं और इनकी तुलना राष्ट्रीय औसत से की जा सकती है। दिल्ली में 199, 197 तथा 198 सेवाओं पर पर्याप्त पोजीशनें काम कर रही हैं। इन पोजीशन पर लोग रात-दिन काम करते हैं और प्राप्त हुई कॉलों का तुरंत जवाब दिया जाता है। परंतु, कभी-कभी स्थानीय परिवहन प्रणाली में गड़बड़ी तथा अन्य कारणों से कर्मचारी अधिक संख्या में गैरहाजिर रहते हैं तो इन सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। टेलीफोन डायरेक्टरी पृच्छताछ सेवा 197 और कम्प्यूटरीकृत शिकायत सेवा 198 पर पोजीशनों की संख्या बढ़ाए जाने का प्रस्ताव है।

(ख) जयपुर टेलीफोन जिले में एक राजपत्रित अधिकारी के अधीन एक सतर्कता सेल पहले से ही काम कर रहा है। इसके अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक राजस्थान दूरसंचार सर्किल, के भी एक वरिष्ठ सतर्कता अधिकारी भी हैं जो सब प्रकार के सतर्कता कार्यों पर निगाह रखते हैं।

मध्य प्रदेश में सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों में शामिल किया जाना

*77. **श्रीमती रत्न कुमारी** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1991 में मध्य प्रदेश की कुछ नई सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों में शामिल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं, और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ख) 1991 में मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के रख-रखाव पर कितनी धनराशि खर्च किए जाने का विचार है तथा इस प्रयोजनार्थ किन-किन सड़कों को नियत किया गया है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) आठवीं योजना को अन्तिम रूप दिए जाने के बाद ही नए राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा के प्रश्न पर विचार किया जाएगा।

(ख) 1991-92 के दौरान मध्य प्रदेश में 9 राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत और रख-रखाव के लिए 1082.32 लाख रु० की राशि आवंटित की गई है।

मध्य प्रदेश में एस० टी० डी० सुविधाएं

*78. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आगामी तीन वर्षों में मध्य प्रदेश के कितने गांवों और शहरों में एस० टी० डी० सुविधा प्रदान किये जाने की संभावना है;

(ख) राज्य के कितने जिला और ब्लाक मुख्यालयों में ऐसी सुविधाएं अब तक उपलब्ध नहीं हैं, और

(ग) सभी जिला और ब्लाक मुख्यालयों में यह सुविधा कब तक उपलब्ध कराये जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री राजेश पायलट) :

(क) 57

(ख) जिला मुख्यालय

कुल :	45
एस०टी०डी० सुविधा प्राप्त :-	34